## खास-खबरें

### जीरापुर में शांति समिति की बैठक में मोहर्रम जुलूस की तैयारियों पर चर्चा




**नईदुनिया प्रतिनिधि जीरापुर** – आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जीरापुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की थाना प्रभारी होकम सिंह मीणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नगर परिषद सीएमओ देवनारायण दांगी, एमपीईबी जेई करण संत, तहसील कार्यालय से शिवचरण मंडलोई, सब इंस्पेक्टर संतोष सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अधिकारियों ने मोहर्रम जुलूस के प्रस्तावित रूट चार्ट की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

#### बैठक में यह निर्णय लिया गया

की सुरक्षा की दृष्टि से ताजिया स्थलों पर लगाना अनिवार्य। अखाड़ों में धारदार हथियार प्रतिबंधित। नियम तोड़ने पर कड़ी कार्रवाई होगी। जुलूस मार्ग पर लटके बिजली तारों को ऊपर कराया जाएगा। रास्तों की सफाई और करबला मार्ग पर गड्ढों का समतलीकरण होगा। बैठक में पत्रकारगण व गणमान्य नागरिकों ने त्योहार शांति, सौहार्द और भाईचारे से मनाने की अपील की।

### विवादों के घिरे रहे डॉ. शाक्य की एक वर्ष बाद अस्पताल में वापसी

**विधायक ने कराया था स्थानांतरण**


हजारीलाल दांगी
विधायक

**नईदुनिया प्रतिनिधि माचलपुर** । नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय तक अटैच रहे डाक्टर भरतलाल शाक्य जिनकी विभाग व जनप्रतिंधियों में गहरी पकड़ है लंबे समय तक नियम कायदों को ताक पर रखते हुवे अपने अटैचमेंट के साथ वित्तीय प्रभार भी संभाले रखा।

कैसे आए विवादो में स्वास्थ केंद्र में रहते हुवे इनपर अपने कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर शिव मालाकार की मौत में हुई जांच में दोषी पाए गए थे साथ ही स्वास्थ पदस्थ महिला चिकित्सक ने इन यौन उत्पीडन के आरोप लगाए थे नागरिकों के विरोध के बाद विधायक हजारीलाल दांगी ने इनकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए पत्र जारी कर इन्हे अपनी विधानसभा से अन्य जगह स्थांतरित करने की मांग की थी।

जिसके बाद इन का स्थानांतरण सीहोर जिले के इछावर हो गया था। तब से अब तक जनप्रतिनिधियों की कमजोरी के कारण इस स्वास्थ केंद्र को कोई स्थाई डाक्टर नहीं मिल पाया था। अब देखना की इन महाशय की निरंकुश कार्यप्रणाली इसी तरह जारी रहती हैं अथया इन में बीते एक वर्ष में कुछ सुधार हुआ है।

### अघोषित बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस सेवादल ने सौंपा ज्ञापन



**नईदुनिया प्रतिनिधि सारंगपुर।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती और विद्युत मंडल की अव्यवस्थाओं के विरोध में मंगलवार को ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस सेवादल ने प्रदर्शन कर बिजली कार्यालय पहुंचकर कनिष्ठ अभियंता उमेश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा।

कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड स्थित राजीव गांधी प्रतिमा चौराहे से बिजली कार्यालय तक रैली निकालकर अपनी नाराजगी जताई। ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र में लगातार अघोषित बिजली कटौती, बार-बार बिजली बंद होने, कम वोल्टेज, जर्जर विद्युत लाइनों और खराब ट्रांसफार्मरों के कारण आमजन परेशान हैं।

भीषण गर्मी के दौरान बिना पूर्व सूचना घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रहने से पेयजल व्यवस्था, छोटे व्यवसाय, विद्यार्थियों की पढ़ाई तथा अस्पतालों सहित आवश्यक सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समय पर समाधान नहीं किया जा रहा है।

सेवादल ने मांग की कि अघोषित विद्युत कटौती तत्काल बंद की जाए तथा बिजली बंद करने की स्थिति में पूर्व सूचना दी जाए। साथ ही जर्जर लाइनों और खराब ट्रांसफार्मरों का शीघ्र सुधार कर कम वोल्टेज एवं ट्रिपिंग की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर जनता के साथ लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, कैलाश ठाकुर, दुर्गेश सोमानी, मोहम्मद अली, शमीर मेव, प्रमोद सादानी, लखन राजपूत सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शासकीय योजनाओं की जानकारी व लाभ देने के लिए विभागों ने शिविर में लगाए स्टॉल

## पारायण चौक में आयोजित जनकल्याण शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिक




**नईदुनिया प्रतिनिधि राजगढ** । मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत मंगलवार को राजगढ़ नगर के पारायण चौक में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को शासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना रहा। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न विभागों के स्टॉलों पर जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याओं एवं आवेदनों का पंजीयन कराया।

शिविर में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों एवं जिला अधिकारियों ने सहभागिता कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा आमजन से संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी निधि भारद्वाज एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन अवस्थी भी उपस्थित रहे।

शिविर में ऊर्जा, कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, स्वास्थ्य, श्रम, सहकारिता, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। विभागीय अधिकारियों ने नागरिकों को शासन की योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्यवाही भी की गई। शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने पौष्टिक एवं संतुलित आहार से संबंधित आकर्षक मॉडल एवं व्यंजन प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के माध्यम से कुपोषण मुक्ति एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता का संदेश दिया ही एवं गया।

शिविर में विभिन्न विभागों को प्राप्त कुल 2166 आवेदन दर्ज किए गए, जिनमें अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

जनकल्याण शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे लोगों का शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो एवं योजनाओं को लाभ प्राप्त हो ।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में योग प्रशिक्षण का शुभारंभ



**नईदुनिया प्रतिनिधि राजगढ़** – प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ. वी.बी. खरे के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के खेल विभाग द्वारा पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य आयोजित विशेष जनकल्याणकारी अभियान के अंतर्गत तीन दिवसीय योगाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को महाविद्यालय के खेल विभाग में किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. खरे ने प्रतिभागियों को नियमित रूप से योग अपनाने तथा 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार है और इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बी.एल. वर्मा ने विद्यार्थियों को योग के महत्व पर प्रकाश डालते।

हुए बताया कि नियमित योगभ्यास शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। प्रशिक्षण सत्र में महाविद्यालय के खेल अधिकारी श्री मनोज कुमार दुबे ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन सहित अन्य योगासनों का अभ्यास कराया गया। साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी प्राणायाम की विधि तथा उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 जून तक संचालित होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थी, शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ के सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रीमियर लीग सीजन-1 की विजेता बनी सारंगपुर वॉरियर्स

**नईदुनिया प्रतिनिधि । सारंगपुर।** स्थानीय परिसर में आयोजित दो दिवसीय सारंगपुर प्रीमियर लीग (खो-खो) सीजन-1 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन 13 एवं 14 जून 2026 को किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश के लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

खो-खो क्लब सारंगपुर के सचिव भारत भेरवे ने बताया कि बालक वर्ग की इस प्रतियोगिता में सारंगपुर वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।

वहीं सारंगपुर रॉयल्स उपविजेता रही, जबकि सारंगपुर बुल्स ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में हिंदुस्तान समिति के अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, अशोक साहू, वैभव पुष्पद, सुशील व्यास सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता टीमों को सम्मानित किया।

टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विश्व विजेता खिलाड़ी सचिन भार्गव को टूर्नामेंट ऑफ द प्लेयर का पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में आयोजक मंडल के सदस्य भारत भेरवे, नीलेश गोड़, रजत शर्मा सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## ट्रक ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मारीः घटनास्थल से आधा किमी दूर ड्राईवर ट्रक छोड़कर फरार



**नईदुनिया प्रतिनिधि खिलचीपुर।** थाना क्षेत्र में धामनिया जोड़ के पास रविवार शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। बाइक चालक उछलकर सड़क किनारे जा गिरा, जबकि उसकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायल के पैर में गंभीर चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए झालावाड़ रेफर किया गया है। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर करीब आधा किलोमीटर तक भागा और पेट्रोल पंप के आगे ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार झिरी दोबड़ा गांव निवासी सुल्तान सिंह सौंधिया (35) रविवार देर शाम अपनी बजाज प्लेटिना बाइक से राजगढ़ से खिलचीपुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान धामनिया जोड़ के समीप पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक क्रमांक भ्त55 क् 1224 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि सुल्तान सिंह कई फीट दूर जा गिरे। वहीं बाइक सड़क पर घिसटते हुए बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक का साइलेंसर और शॉकर टूट गए तथा वाहन लगभग पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे में घायल के एक पैर में गंभीर चोट आई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल को निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे झालावाड़ रेफर कर दिया।

**ट्रक छोड़कर फरार हुआ ड्राइवर**

हादसे के बाद ट्रक चालक मौके पर नहीं रुका। वह ट्रक को करीब आधा किलोमीटर तक लेकर भागा और बाद में पेट्रोल पंप के आगे सड़क किनारे खड़ा कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर थाने ले आई। घायल के बयान के आधार पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## मेडिकेयर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस कॉलेज में लगा रक्तदान शिविर




**नईदुनिया प्रतिनिधि सारंगपुर।** मेडिकेयर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस कॉलेज, सारंगपुर में मंगलवार को जिला चिकित्सालय राजगढ़ के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संस्थान में अध्ययनरत बीपीटी, बीएमएलटी एवं डीएमएलटी के छात्र-छात्राओं ने हीमोग्लोबिन जांच के बाद उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। कार्यक्रम में संस्थान के ज्वाइंट डायरेक्टर ऋषभ राज सिंह यादव, मैनेजर उमा सिंह उमठा सहित शैक्षणिक एवं प्रबंधन स्टाफ ने भी रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया। जिला चिकित्सालय राजगढ़ से आई ब्लड डोनेशन टीम में प्रभारी अधिकारी डॉ. पी.के. जैन, रक्तकोष प्रभारी राजकुमार भिलाला, स्वप्ना राय, अमित सक्सेना, रईस खान एवं संयोजक सोनू यादव शामिल रहे। टीम ने शिविर के दौरान कुल 25 यूनिट रक्त संग्रहित किया। शिविर के समापन पर डॉ. पी.के. जैन ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए। उन्होंने बताया कि रक्तदान न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी है, बल्कि इससे हृदय स्वास्थ्य को भी लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय राजगढ़ में प्रतिमाह लगभग 450 यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है, जिसे पूरा करने के लिए ऐसे शिविरों का आयोजन महत्वपूर्ण है। अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सांत्वना सिंह यादव ने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की उपलब्धता कई मरीजों की जान बचा सकती है, इसलिए समाज के लोगों को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। अंत में आभार ब्लॉक अध्यक्ष तेज सिंह राजपूत ने माना । इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## श्रीनाथजी की झांकी देखने उमड़े भक्त एक माह तक चले उत्सव का समापन



**नईदुनिया प्रतिनिधि खिलचीपुर** स्थित तालाब वाले श्रीनाथजी मंदिर में सोमवार को पुरुषोत्तम मास के अंतिम दिन गोवर्धन पूजा उत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। मंदिर के गर्भगृह में गोवर्धन पर्वत की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसके साथ भगवान श्रीनाथजी के विशेष दर्शन कराए गए। अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

मंदिर के मुखिया राजेंद्र तिवारी ने बताया कि पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार पुरुषोत्तम मास में सालभर के प्रमुख उत्सव एक ही माह में मनाए जाते हैं। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए तालाब वाले श्रीनाथजी मंदिर में पूरे एक महीने तक प्रतिदिन अलग-अलग उत्सव, झांकियां और विशेष दर्शन कराए गए। मंदिर को भी हर उत्सव के अनुरूप सजाया गया, जिससे श्रद्धालुओं को पूरे वर्ष के धार्मिक पर्वों का आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त हुआ।

इस दौरान मंदिर में जगन्नाथ रथयात्रा, यमुना छठ, नौका विहार, हरियाली उत्सव, फूल बंगला दर्शन, हटरी उत्सव, जन्माष्टमी, राधाष्टमी, धनतेरस, दीपावली और अन्नकूट सहित अनेक प्रमुख उत्सव मनाए गए। प्रतिदिन ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार और भोग लगाया गया, जिसे देखने के लिए क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंचे। पुरुषोत्तम मास के अंतिम दिन अमावस्या पर गोवर्धन पूजा के साथ इस धार्मिक आयोजन का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने गोवर्धन पर्वत और श्रीनाथजी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे महीने मंदिर में भक्ति, उत्साह और धार्मिक आयोजनों का विशेष माहौल बना रहा।

**जनशिक्षा केन्द्र भीलवाडिया : शनिवार तक आईडी में त्रुटि सुधार का कार्य होगा**

## अपार दिवस मनाकर बनाई विद्यार्थियों की आईडी




**नईदुनिया प्रतिनिधि ब्यावरा** । स्थानीय प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प अनुसार प्रत्येक विद्यार्थी की अपार आईडी बनाई जाने के लक्ष्य अनुसार अपार आईडी दिवस जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर मनाने संबंधित आदेश हुए हैं। इसी अनुरूप जनशिक्षा केन्द्र भीलवाडिया में क्रमशः 1 जून, 7 जून, 14 जून को अपार आईडी बनाई गई तथा जिन बच्चों के नाम में संशोधन है उन बच्चों के फार्म भरवाकर बीआरसी में जमा करने के निर्देश दिए गए ताकि उनकी अपार आईडी अगले सप्ताह के शनिवार तक अपार आईडी बनाई जा सके

यह पखवाड़ा पूरे जून माह तक चलेगा शत् प्रतिशत बच्चों की अपार आईडी बनाई जा सकेगी। इस अवसर पर आवश्यक सभी निर्देश राज्य शिक्षा केंद्र के लिए गए 16 जून से बच्चों का आगमन स्कूल में होगा प्रवेश उत्सव मनाया जाए

इसी दिन पुस्तक वितरण जन प्रतिनिधियों के माध्यम से करवाई जाए माला पहनाकर प्रवेश उत्सव मनाया जाए। इस दिन विशेष भोज बनाया जाएगा जिसमें खीर पुड़ी, लड्डू, मिठाई,नमकीन, अचार सब्जी ,दाल मीनू अनुसार बनाई जाए, शत-प्रतिशत बच्चों की मैपिंग की जाए, प्रोग्रेशन, चाइल्ड ट्रैकिंग पर 1 कक्षा के बच्चे को दर्ज किया जाए, स्कूल भवन में साफसफाई पुताई की जाए कूड़ा-करकट हटाया जाए , पेड़ पौधों में पानी दिया जाए, एफएल एन समय सारणी , ट्रेकर शीट शिक्षा का कोना, टीएल एम सामग्री,किट आदि का उपयोग करते हुए लक्ष्य अनुसार शिक्षक संदर्शिका का उपयोग करते हुए अध्यापन कार्य करवाया जाए हमारे शिक्षक एप पर हाजरी लगाई जाए, पालक संपर्क किया जाए, साक्षरता नोडल शिक्षक प्रत्येक स्कूल में बनाया जाए जहां हाई स्कूल सांसें स्कूल है वहां के बच्चे को मेंटर बनाया जाना है। सायकल वितरण, बच्चे ड्रेस में स्कूल आएं, पानी की व्यवस्था हो, पुस्तकालय संचालित हो,कोई बच्चा ज्यादा दिन तक अनुपस्थित न रहे पालक संपर्क करें, हमारी शाला सुंदर हो ।संकुल भीलवाडिया ब्लाक में जिले में प्रदेश में हर गतिविधि में टापटेन में रहे अच्छा प्रदर्शन करें।

**शिक्षक गणवेश पर भी चर्चा की गई**

शिक्षक पूर्ण मनोयोग से अध्यापन कार्य करवाए ऐसी हमारी अपेक्षा है। इस अवसर पर जनशिक्षक गोपाल दास वर्मा ने बताया कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है और वह उदासीन रहेगा तो राष्ट्र का नुकसान होगा शिक्षक को हमेशा ऊर्जावान बनाए रहना चाहिए शिक्षक 16 कलाओं में पारंगत होना चाहिए और बच्चों को हर कला का प्रदर्शन करने की प्रेरणा शिक्षक ही दे सकता है एक छोटे से बच्चे को भविष्य का आदर्श नागरिक एक सच्चा शिक्षक ही बना सकता है। हमारे शिक्षक की महिमा अपार है मैं शिक्षक को शत् शत् नमन करता हूं राम कृष्ण महान एक गुरु,शिक्षक के कारण ही बन सके हैं। हम संकल्प लें कि गुरु परंपरा से लोक कल्याण करें ।

इस मौके पर जनशिक्षक जगदीशचंद्र यादव, प्राचार्य लाखनसिंह यादव आदि शामिल हुए ।

## जनपद स्तरीय जनकल्याण शिविर में कम हितग्राही पहुंचे



**नईदुनिया प्रतिनिधि सारंगपुर** –सारंगपुर। कृषि उपज मंडी परिसर में मंगलवार से तीन दिवसीय जनपद स्तरीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर 18 जून तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुई तथा संचालन बीईओ सुरेश वीरमाल ने किया। शिविर का उद्देश्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना और लंबित प्रकरणों का मौके पर निराकरण करना है। सुबह 11 बजे शुरू हुए शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ की। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, एसडीएम रोहित बम्होरे, जनपद सीईओ हेमेंद्र गोविल, तहसीलदार आकाश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिविर में राजस्व, पंचायत, ऊर्जा, महिला एवं बाल विकास तथा सामाजिक न्याय विभाग सहित विभिन्न विभागों के काउंटर लगाए गए हैं। ऊर्जा विभाग द्वारा संपर्कता अभियान चलाया गया, वहीं ईडब्ल्यूएस एवं जाति प्रमाण पत्रों के प्रकरणों तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण भी किया गया।